# कन्या महाविद्यालय के सामने से संयुक्त टीम ने हटाया अतिक्रमण

## नगर पालिका, नजूल एवं राजस्व विभाग की टीम ने की कार्रवाई





नवभारत न्यूज

**सीधी,4 जून। शहर के शासकीय कन्या महाविद्यालय के सामने से आज संयुक्त टीम द्वारा सड़क की पटरी पर रखी गोमतियों के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम में नगर पालिका, नजूल एवं राजस्व विभाग का अमला शामिल रहा।**

गौरतलब है कि शासकीय कन्या महाविद्यालय के सामने सड़क की पटरी पर गोमती एवं ठेले रखकर काफी अर्से से अतिक्रमण किया गया था। इन गोमतियों एवं ठेलों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से कालेज में आने वाली छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त समस्या को लेकर कई बार शिकायतें भी की गई थीं, जिसके बाद नगर पालिका की ओर से संबंधित अतिक्रमणकारियों को समझाइस देकर गोमती एवं ठेलों को हटाने को कहा गया था। बावजूद इसके संबंधित लोगों द्वारा अतिक्रमण हटाने की जरूरत नहीं समझी गई। लिहाजा नोटिस के माध्यम से भी इनको अतिक्रमण हटाने के लिये मोहलत दी गई। अतिक्रमण न हटने पर आज जिला कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमणों का हटाने का काम शुरू किया। कार्यवाई शुरू होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों द्वारा अपने से भी अतिक्रमण हटाया गया। जिनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया, उन्हें संयुक्त टीम द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई।

### अतिक्रमणकारियों के निशाने पर है कॉलेज क्षेत्र

फुटपाथी अतिक्रमणकारियों के निशाने पर कालेज क्षेत्र कई सालों से है। उनके द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय के सामने की सड़क की पटरी के साथ ही शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय से लगी सड़क की पटरी पर भी अतिक्रमण किया गया है। कई बार समझाइस के बाद भी अतिक्रमणकारी यहां से अपनी गोमती एवं ठेले हटाने को तैयार नहीं थे। लिहाजा आज शासकीय कन्या महाविद्यालय के सामने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई संयुक्त टीम द्वारा की गई। उक्त कार्रवाई के बाद अभी नगर पालिका को मौके पर नजर रखने की जरूरत है, क्योंकि फिर से अतिक्रमण की तैयारी की जा रही है।

### इनका कहना है

शिकायत मिलने पर संबंधित व्यवसाइयों को अपनी दुकानों का अतिक्रमण हटाने के लिये पूर्व में समझाइस दी गई थी। फिर भी अतिक्रमण नहीं हटा तो नोटिस सर्व कर इन्हें अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। साथ ही स्थल पर भी नोटिस चस्पा कर अतिक्रमण हटाने के लिये निर्देश दिये गये। अतिक्रमण न हटने पर आज नजूल, नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय के सामने से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

**प्रिया पाठक, डिप्टी कलेक्टर सह सीएमओ नपा सीधी**

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी जनपद पंचायतों में होंगे विविध कार्यक्रम

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे जनजागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2026 को जिले की सभी जनपद पंचायतों में विविध जनजागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार कार्यक्रमों का आयोजन प्रातः 8 बजे से किया जाएगा।**

निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत कुसमी के ग्राम पंचायत खोखरा, मझौली के टिकरी, सीधी के मौहरिया कला, रामपुर नैकिन के मढ़ा तथा सिहावल के तरका ग्राम में आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रमों में जन अभियान परिषद, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सहभागिता रहेगी। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण, जल संरचनाओं की साफ-सफाई, वृक्ष मित्रों का सम्मान तथा पर्यावरण संरक्षण विषयक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। बच्चों के लिए पेंटिंग, वाद-विवाद एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

इसके साथ ही आयुष विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया वार्डों का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**सीधी 4 जून। नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा ने आज गुरूवार को नगर पालिका के वार्डों में विकास कार्यों एवं स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया।**

वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 में नाली निर्माण की आवश्यकता वाले क्षेत्रों, स्वच्छता व्यवस्था तथा क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को सुना गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए ताकि नाली निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जा सके तथा खराब सड़कों के सुधार की कार्यवाही भी जल्द से जल्द सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद विनोद मिश्रा एवं वार्ड क्रमांक 1 के पूर्व पार्षद सुरेन्द्र गुप्ता, नपा के उपयंत्री आकाश उदैनिया, स्वच्छता प्रभारी गौरव सिंह, वाहन प्रभारी लल्लू गर्ग उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा ने कहा कि नगर के विकास, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु हम निरंतर प्रयासरत हैं तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बिजली आपूर्ति कल रहेगी बाधित

**सीधी 4 जून।** अधीक्षण अभियंता म.प्र1 पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीधी ने जानकारी दी है कि 132/33 केवी सिहावल सब स्टेशन में स्थापित 50 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर पर प्री-मानसून मेंटेनेंस एवं टेस्टिंग कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य के लिए 6 जून शनिवार को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। प्रस्तावित शटडाउन के दौरान 33 केवी गेरूआ एवं 33 केवी बीछी फीडर से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने बताया है कि रखरखाव एवं परीक्षण कार्य की आवश्यकता के अनुसार शटडाउन की अवधि में परिवर्तन किया जा सकता है। सहयोग की अपेक्षा करते हुए आवश्यक कार्य पूर्व में ही निपटाने की सलाह दी गई है।

# शिवसैनिकों को पुतला दहन से रोकने पुलिस का रहा कड़ा पहरा



नवभारत न्यूज

**सीधी 4 जून। शिवसैनिकों के केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर आज विथिका भवन परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था।**

महज 20 से 25 शिवसैनिकों के विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए लगभग 200 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। शिवसेना कार्यकर्ता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी पुतला लेकर कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ रहे थे लेकिन पुलिस ने बीच रास्ते में ही पुतला छीन लिया और आगे बढ़ने से रोक दिया। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण था इसके बावजूद पुलिस का रवैया बेहद सख्त दिखाई दिया। मौके पर 4 थाना प्रभारी, 2 एसडीओपी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इतना ही नहीं, वाटर कैनन और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी तैनात की गईं। जिले में आमतौर पर बड़े आयोजनों में भी इतनी सुरक्षा व्यवस्था देखने को नहीं मिलती लेकिन कुछ दर्जन प्रदर्शनकारियों के लिए प्रशासन ने पूरा अमला झोंक दिया। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया। उनका कहना है कि उन्हें कलेक्ट्रेट तक जाने का अधिकार नहीं दिया गया और वीथिका भवन के आसपास के सभी रास्तों पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। प्रदर्शनकारियों को लगभग 20 मीटर के दायरे में सीमित कर दिया गया, जिससे उनका विरोध प्रदर्शन प्रभावी रूप से बाधित हो गया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध प्रदर्शन को नागरिकों का संवैधानिक अधिकार माना जाता है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर शांतिपूर्ण प्रदर्शन से प्रशासन इतना भयभीत क्यों दिखाई दिया। जिले में अब यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या पुलिस का उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखना था या फिर विरोध की आवाज को कलेक्ट्रेट तक पहुंचने से रोकना।

# मढ़ा की जनता 6 वर्षों से जलभराव की समस्या से त्रस्त, सीईओ की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 जून। ग्राम मढ़ा की जनता 6 वर्षों से जलभराव की समस्या से त्रस्त है। ऐसे में जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के सीईओ की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाये गये है। आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश सचिव राम चरण सोनी ने ग्राम मढ़ा जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में विगत कई वर्षों से लंबित जल निकासी एवं नाली निर्माण की समस्या को लेकर जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव तिवारी की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं।**

उन्होंने कहा कि ग्राम मढ़ा के ग्रामीण पिछले लगभग 6 वर्षों से जलभराव और जल निकासी की समस्या से जूझ रहे हैं। बरसात के दौरान लोगों के घरों में गंदा पानी भर जाता है जिससे जनजीवन प्रभावित होता है और गंभीर स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न होते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या के स्थायी समाधान के प्रति उदासीन बने हुए हैं। राम चरण सोनी ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायतें किए जाने के बावजूद समस्याओं का वास्तविक निराकरण नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत करने पर उन्हें दबाव और धमकियों का सामना करना पड़ता है तथा आम जनता के साथ सम्मानजनक



व्यवहार के बजाय अभद्रता की जाती है। यदि ऐसे आरोप सही पाए जाते हैं तो यह अत्यंत गंभीर विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ रहकर प्रशासनिक तंत्र को व्यक्तिगत प्रभाव में संचालित करने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।

प्रदेश सचिव श्री सोनी ने मांग की है कि जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के सीईओ राजीव तिवारी की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से हटाया जाए अथवा अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले को लेकर आज मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुक्त रीवा संभाग तथा कलेक्टर सीधी को विस्तृत शिकायत पत्र भेजा गया है। शिकायत पत्र में ग्राम मढ़ा की जल निकासी समस्या, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के कथित भ्रामक निराकरण तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। राम चरण सोनी ने कहा कि यदि वर्षों से लंबित इस जनसमस्या पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आम आदमी पार्टी ग्राम मढ़ा की जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ग्राम मढ़ा में स्थायी जल निकासी व्यवस्था एवं नाली निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर तत्काल पूर्ण कराया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# कलेक्टर ने प्राचार्यों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश




नवभारत न्यूज

**सीधी 4 जून। जिले में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणाममूलक बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने जूरी में प्राचार्यों की बैठक लेकर शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, परीक्षा परिणाम तथा आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।**

कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का केन्द्र नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य की नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने प्राचार्यों से अपेक्षा की कि वे विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा प्रत्येक विद्यार्थी तक बेहतर शिक्षा पहुंचाने के लिए सतत प्रयास करें। बैठक में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए विशेष शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराने तथा परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और प्राचार्यों के सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

कलेक्टर ने बालिका शिक्षा को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक बालिका की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा विद्यालय छोड़ चुकी बालिकाओं को पुन: शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

उन्होंने विद्यालयों में बालिकाओं के लिए पृथक एवं स्वच्छ शौचालयों की उपलब्धता, नियमित साफ-सफाई तथा आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने प्राचार्यों से बालिकाओं को उच्च शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व की दिशा में प्रेरित करने का आह्वान किया। कलेक्टर ने विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल, खेलकूद, पुस्तकालय एवं डिजिटल शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर भी जोर दिया। बैठक में नवाचार गतिविधियों, डिजिटल शिक्षण संसाधनों के उपयोग तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मक सोच विकसित करने पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने प्राचार्यों से विद्यालयों में सकारात्मक एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता को पहचानकर उसे आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए सभी प्राचार्य जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें, ताकि जिले के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। बैठक में एसडीएम कुसमी शैलेश द्विवेदी, सीईओ जनपद पंचायत ज्ञानेंद्र मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं विकासखंड कुसमी के समस्त विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# विश्व साइकिल दिवस पर निकाली गई साइकिल यात्रा, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



नवभारत न्यूज

**सीधी 3 जून। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत जिला सीधी द्वारा जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय सीधी में भव्य साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में युवाओं, स्वयंसेवकों, खिलाड़ियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण एवं फिट इंडिया अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। साइकिल यात्रा का शुभारंभ जिला मुख्यालय से किया गया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने लोगों को नियमित व्यायाम अपनाने, प्रदूषण मुक्त वातावरण के निर्माण तथा ईंधन की बचत के लिए दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा फिट इंडिया अभियान को जन आंदोलन के रूप में सशक्त बनाना रहा। साइकिल यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण और हरित भविष्य के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रसारित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने नियमित व्यायाम एवं साइकिल चलाने को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

# हिन्दी, संस्कृति व अंग्रेजी के पेपर निरस्त, नई तिथि घोषित

**सीधी 4 जून।** प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी ने बताया कि महाविद्यालय की स्वशासी मुख्य परीक्षा अप्रैल 2026 अंतर्गत बीए/बीकॉम तृतीय वर्ष की हिन्दी भाषा एवं संस्कृति तथा अंग्रेजी भाषा और संचार कौशल विषयों की परीक्षा जो 3 जून को प्रथम पाली में प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित की गई थी अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है। प्राचार्य ने बताया कि उक्त निरस्त परीक्षा अब पुन: 22 जून को प्रात: 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी।






# वरिष्ठ कांग्रेस नेता भारत सिंह पंचतत्व में हुए विलीन, दी गई श्रद्धांजलि

## चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल सहित कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



नवभारत न्यूज

**सीधी, 4 जून। जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यापारी भारत सिंह के निधन पर जिलेभर में शोक की लहर व्याप्त है। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे भारत सिंह का उपचार के दौरान भोपाल के चिरायु हॉस्पिटल में निधन हो गया।**

वहां से उनके पार्थिव शरीर को सीधी लाया गया तथा उनके निज निवास मड़रिया में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया, जहां पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल सहित संभाग भर से पहुंचे कांग्रेसजनों और भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात उनके पुत्र द्वारा मुखाग्नि दिए जाने के साथ ही भारत सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके निधन को कांग्रेस परिवार एवं जिले के सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सिंह ने जीवनभर कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा, समर्पण और कर्मठता के साथ कार्य किया। विशेष रूप से चुरहट क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि भारत सिंह का स्नेह, सरलता और सामाजिक सरोकार सदैव स्मरणीय रहेंगे। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सिंह का निधन कांग्रेस परिवार के लिए बड़ी क्षति है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत सिंह का जीवन समाजसेवा और संगठन के प्रति समर्पण का उदाहरण था। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### इन्होंने अर्पित की श्रद्धांजलि

दाह संस्कार में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह, सिंगरौली कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सिंगरौली अरविंद सिंह चंदेल, पूर्व अध्यक्ष सिंगरौली ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष शहडोल आजाद बहादुर सिंह, रामशिरोमणि साहू सिंगरौली, राजभान सिंह सतना, शिवप्रसाद प्रधान रीवा, चक्रधर सिंह रीवा, राजू सिंह सिंगरौली, पूर्व अध्यक्ष आनंद बहादुर सिंह, रुद्रप्रताप सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष राजेन्द्र भदौरिया, नपा उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह, सुरेश सिंह, विनोद वर्मा, विनोद मिश्रा, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, धर्मेन्द्र सिंह परिहार, रामजी सिंह, भोलादास गुप्ता, आंनद सिंह शेरगांव, मंटू श्रीवास्तव सिंगरौली, राघवेंद्र श्रीवास्तव सिंगरौली, सोमदेव सिंह ब्रहम सिंगरौली, जय सिंह, विवेक सिंह दीपू, राम कुमार सिंह, अंकित सिंह, आनंद पटेल सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।